छात्रों की कम उपस्थिति पर कुलपति ने जताई नाराजगी

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने शुक्रवार को ओल्ड मसूरी रोड़ राजपुर में स्थित आईसीएम (इंस्टीट्यूट ऑफ को-ऑपरेटिव मैनेजमेंट) और गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (जीआईएचएम) पटेलनगर का औचक निरीक्षण किया। दोनों संस्थानों की शैक्षणिक व्यवस्था की खामियों को देखकर कुलपति ने सख्त नाराजगी जताई। शुक्रवार को कुलपति ने पहले विवि से संबद्ध सरकारी संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ को-ऑपरेटिव मैनेजमेंट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की स्थिति को देखा। निरीक्षण में संस्थान में छात्रों की संख्या बहुत ही कम पायी गयी। जो छात्र कक्षाओं में मिले भी तो उनकी उपस्थिति का रिकार्ड संस्थान के पास उपलब्ध नहीं था। विवि एकैडमिक कैलेंडर के अनुसार 23 जनवरी से शुरू हुए सम सेमेस्टर की कक्षाओं में पढ़ रहे विषयों के बारे में छात्र उत्तर नहीं दे पाये। कुलपति ने शैक्षणिक माहौल दुरूस्त करने के निर्देश दिए। वहीं, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट पटेलनगर की स्थिति कुछ ऐसी ही थी। वहां पर छात्रों की उपस्थिति पंजिका बनायी गयी। लेकिन, उक्त उपस्थिति पंजिका में किसी छात्र की उपस्थिति दर्ज नहीं पायी गयी।